तापमान
अधिकतम 33 .0 डिग्री
न्यूनतम 9 .6 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार 28 फरवरी 2026

11 बारहवीं पॉलिटिकल साइंस का पेपर, बावल क्षेत्र में दो परीक्षार्थी नकल करते पकड़े

12 रंग-गुलाल और पिचकारियों से सज गया होली का बाजार, चार को मनेगा फाग उत्सव


## खबर संक्षेप

### चोरी के आरोपी से बरामद हुए 2.90 लाख रुपये

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने चोरी के आरोप में गिरफ्तार किए गए आरोपी के कब्जे से नकदी बरामद की गई है। पुलिस ने चोरी के एक मामले में राजस्थान के खैरथल के सुभाष नगर निवासी मोहन को गिरफ्तार किया था। सिटी पुलिस ने उसे दो अन्य मामलों में कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया था। एक मामला गत 19 जनवरी को ही दर्ज किया गया था। कब्जे से रिमांड के दौरान 2.90 लाख रुपये बरामद किए गए हैं। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### साइबर ठगी का आरोपी भेजा गया जेल

**रेवाड़ी।** साइबर थाना पुलिस ने ठगी के एक आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। एक युवती के साथ वर्क फ्रॉम होम के नाम पर 3 लाख रुपये से अधिक की ठगी करने के आरोप में यूपी के गोधोरा निवासी पंचदेच पांडे को गिरफ्तार किया था। आरोपी के बैंक खाते में ठगी के लगभग 87 हजार रुपये जमा हुए थे। साइबर थाना पुलिस ने उसे यूपी से गिरफ्तार किया था। आरोपी को पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### सड़क हादसों के आरोपी दो चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद फरार हुए दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। 17 जनवरी को हुए हादसे के बाद धारूहेड़ा थाना पुलिस ने घायल के बयान पर वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में जांच के बाद राजस्थान के कुली निवासी रोहित को गिरफ्तार किया गया है। थाना मॉडल टाउन पुलिस ने 15 फरवरी को दर्ज मामले में झाबुआ निवासी सुभाष को गिरफ्तार करते हुए उसकी बस को कब्जे में ले लिया। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### दहेज प्रताड़ना के मामले में एक आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिता से मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। लगभग 2 वर्ष पूर्व एक महिला की शिकायत पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के प्रयास किए थे। बातचीत सिरे नहीं चढ़ने के कारण पुलिस ने गत 24 फरवरी को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने नारनौल के काठमंडी निवासी रामगोपाल को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### पशु क्रूरता अधिनियत के तहत तीन गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम के तहत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शक्ति नगर में कुत्ते के पिल्लों को निर्ममता से बोरे में डालकर ले जाने के आरोप में बंसीलाल, गौरव व लक्ष्मी देवी के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत केस दर्ज किया था। कॉलोनी के ही एक व्यक्ति ने इसकी शिकायत पुलिस को दर्ज कराई थी। इस मामले में पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उन्हें पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट मामले में चार आरोपी किए काबू

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने मारपीट करने और धमकी देने के आरोप में दर्ज मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पीड़ित पक्ष के बयान पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पीड़ित ने मारपीट करने और धमकी देने के आरोप लगाए थे। जांच के बाद पुलिस ने धक्का बस्ती निवासी कैलाश, भाड़ावास गेट निवासी विकास, नरेंद्र और अभिषेक को गिरफ्तार कर लिया।

*भट्ठे बंद होने से ईंटों का स्टॉक काफी समय पहले हो गया था खत्म, निर्माण कार्यों के लिए दूसरे जिलों से मंगानी पड़ रही थी ईंटें*

# कल से संचालित हो सकेंगे भट्ठे, 8 माह बाद शुरू होगा ईंटों का उत्पादन, दामों में भी आएगी कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

एनजीटी के आदेशानुसार एनसीआर में ईंट भट्ठों का संचालक साल में चार माह तक ही होता है। 1 मार्च से 30 जून तक ईंट भट्ठे चलते हैं। इसके चलते भट्ठे बंद होने के चार-पांच माह बाद ही जिले के अधिकांश ईंट भट्ठों पर स्टॉक खत्म होना शुरू हो गया था। जिन भट्ठों पर स्टॉक रहा, वहां ईंटों के दाम बढ़ा दिए गए थे। अब 1 मार्च से भट्ठों का संचालन शुरू होने जा रहा है। इससे 15 मार्च तक भवन निर्माण करने वाले लोगों के लिए ईंटों की उपलब्धता आसान और सस्ती हो जाएगी। भट्ठे शुरू होने के बाद प्रदूषण की समस्या भी बढ़ने की आशंका है। एनसीआर में प्रदूषण की समस्या को देखते हुए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने काफी समय से ईंट भट्ठों का संचालन सीमित किया हुआ है। इन्हें चलाने के लिए साल में चार माह की छूट दी जाती है। 1 मार्च से 30 जून तक ही ईंट भट्ठों का संचालन होता है। इस अवधि में भट्ठा संचालक अधिक से अधिक ईंटों का उत्पादन करने का प्रयास करते हैं, ताकि भट्ठों पर रोक लगाने के बाद ईंटों की सप्लाई लंबे समय तक सुचारू रह सके। इसके बावजूद भट्ठे बंद होने के कुछ समय बाद ही ईंटों की कमी शुरू हो जाती है। इसका फायदा उठाते हुए भट्ठा संचालक ईंटों के दाम बढ़ा देते हैं। निर्माण करने वाले लोगों के लिए महंगी ईंटें खरीदना मजबूरी बन जाता है। जिले में लगभग 100 ईंट भट्ठों को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से लाइसेंस जारी किए हुए हैं। मार्च माह से पहले ही अधिकांश भट्ठों पर ईंटों का स्टॉक खत्म हो जाता है। दोयम दर्जे की ईंटों के दाम भी बढ़ जाते हैं। इस समय जिन भट्ठों पर स्टॉक बचा हुआ है, उनके दाम भट्ठों पर 7500 रुपये से 8000 रुपये प्रति हजार ईंट तक वसूले जा रहे हैं। ईंटों के सरकारी रेट 6950 रुपये प्रति हजार निर्धारित किए हुए हैं।

नई ईंटों को तैयार होने में लगभग 15 दिन का समय लगता है। ऐसे में होली पर्व के आसपास नई ईंटों के दाम एक हजार रुपये प्रति हजार तक कम हो सकते हैं। लोगों को डिमांड के अनुसार अच्छी क्वालिटी की ईंटें भी मिलना शुरू हो जाएंगी।


रेवाड़ी। लगभग 8 माह से बंद पड़ा एक ईंट भट्ठा। फोटो : हरिभूमि


रेवाड़ी। ईंट भट्ठे पर पकाने के लिए तैयार की गई कच्ची ईंटें। फोटो : हरिभूमि

### इंटें 15 मार्च तक तैयार होनी शुरू हो जाएंगी



*कई माह से बंद होने के कारण अधिकांश भट्ठों पर इंटों का स्टॉक खत्म हो गया था। अब भट्ठों का संचालन शुरू होने जा रहा है। इससे इंटों के दाम प्रति हजार 8 सौ रुपये तक कम होने की संभावना है। नई इंटें 15 मार्च तक तैयार होनी शुरू हो जाएंगी। इससे रंटों के दामों में कमी आने की संभावना है।*
*अशोक यादव, प्रधान, ईंट भट्ठा एसोसिएशन।*

### कच्ची ईंटें बनकर हो चुकी तैयार

भट्ठा मालिकों ने फरवरी माह के शुरू में ही कच्ची ईंटें तैयार कराना शुरू कर दिया था। भट्ठों का संचालन शुरू होने से पहले कच्ची ईंटें तैयार की जाती हैं। हालांकि भारी बरसात से कच्ची ईंटों के खराब होने की आशंका बनी रहती है, लेकिन इस बार तेज बरसात नहीं हुई है। ईंट थपाई का कार्य शुरू होने से लेबर को भी काम मिल गया है। भट्ठे बंद होने के बाद बाहर से आने वाली लेबर घर लौट जाती है।

### सरकारी कार्य भी हो रहे बाधित

जिला प्रशासन की ओर से ईंट भट्ठा मालिकों को पंचायत व दूसरे विकासकार्यों के लिए ईंटें रिजर्व रखने के आदेश जारी किए जाते हैं। ईंटों का स्टॉक खत्म होते ही अधिकांश भट्ठा मालिक प्रथम श्रेणी की ईंटों की भी बिक्री कर देते हैं। इसके बाद सरकारी निर्माणकार्यों में दोयम दर्जे की ईंटों का इस्तेमाल भी जमकर होता है। ईंटों की सप्लाई बाधित होने के कारण कई गांवों में विकासकार्य अटके हुए हैं।

### एक्यूआई बढ़ने की पूरी आशंका

उद्योगों के प्रदूषण पर अंकुश लगने के कारण इस बार प्रदूषण का स्तर काफी नियंत्रण में है। इस समय एक्यूआई 200 से नीचे बना रहा है, जिसे संतोषजनक माना जाता है। ईंट भट्ठों से निकलने वाली धुआं एक्यूआई बढ़ाने का काम करती है। भट्ठे शुरू होने के कारण एक्यूआई एक बार फिर से बढ़ने की आशंका बनी रहेगी। प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड की नजरें धुआं फैलाने वाले भट्ठों पर टिकी रहेंगी।

*टीम ने 12 डीपीपी, 4 परिकास्ट चारदिवारी व कच्चे रोड नेटवर्क को जमींदोज किया*

# बनीपुर में डीटीपी का एक्शन, सात एकड़ की अवैध कॉलोनी जमींदोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीटीपी विभाग की टीम ने शुक्रवार को बावल से पातुहेड़ा रोड की राजस्व सीमा में अवैध रूप से विकसित हो रही कॉलोनी पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की। डीटीपी की लगातार कार्रवाई के बाद भी कॉलोनाइजर व डीलर नई कॉलोनियां विकसित करने में लगे हुए हैं। डीटीपी के निर्देश पर शुक्रवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ टीम गांव बनीपुर में पहुंची। जहां डीटीपी की टीम ने करीब 7 एकड़ जमीन पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी का ध्वस्त कर दिया। टीम ने 12 डीपीपी, 4 परिकास्ट चारदिवारी व कच्चे रोड नेटवर्क को जमींदोज किया। पुलिस बल की मौजूदगी के चलते डीटीपी की इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ। डीटीपी मंदीप सिहाग ने कहा कि अनियमित कॉलोनियों में अवैध निर्माणों पर विभाग की कार्रवाई जारी रहेगी। लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है। इससे प्लॉट खरीदकर निर्माण करने वाले लोगों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है।


रेवाड़ी। अवैध कॉलोनी का निर्माण तोड़ती जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

### जिले में पनपने न दें अवैध कॉलोनियां: डीसी

*डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि जिले में अवैध कॉलोनियां नहीं पनपने दी जाए। जिला योजनाकार विभाग पुलिस के सहयोग से लगातार कार्रवाई करे। डीसी मीणा ने शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में डीटीपी मंदीप सिहाग कोआवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि अवैध कॉलोनियों में नियमानुसार विभागीय कार्यवाही की जाए। आमजन को भी अवैध कॉलोनाइजर के झांसे में न आने को लेकर जागरूक किया जाए। नागरिक जिले में कोई भी अवैध निर्माण और अतिक्रमण न करें। किसी भी प्रकार का निर्माण करने से पहले सरकार के नियमानुसार अनुमति लें। नागरिक अवैध कॉलोनियों में खरीद-फरोख्त न करें। कोई भी व्यक्ति प्लाट खरीदने से पहले कॉलोनी की वैधता बारे जिला नगर योजनाकार कार्यालय से पूछताछ करें।*

# गाड़ी को टक्कर मारने के बाद मारपीट करने के चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बिठवाना से हनुमान मंदिर बड़ा तालाब जा रहे युवक की गाड़ी को पीछे से टक्कर मारने के बाद मारपीट करने के मामले में मॉडल टाउन थाना पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मारपीट की यह वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। पुलिस को दिए बयान में आजाद चौक निवासी दीपक शर्मा ने बताया था कि वह 24 फरवरी को अपनी कार से दोस्त व परिवार के सदस्यों के साथ हनुमान मंदिर जा रहा था। एक पेट्रोल पंप के पास उसकी कार को पीछे से आ रही कार के चालक ने टक्कर मार दी। जब उसने कार रोककर चालक को देखकर चलने के लिए कहा, तो कार में सवार लोगों ने उतरकर उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। आसपास के लोगों ने बचाव कराते हुए उसे अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने उसके बयान पर आरापियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद धक्का बस्ती निवासी कैलाश, भाड़ावास गेट निवासी विकास, नरेंद्र और अभिषेक को गिरफ्तार कर लिया।


रेवाड़ी। मारपीट करते हुए सीसीटीवी में कैद। फाइल फोटो।

### बहन ने लगाई थी एसपी से गुहार

*घटना के बाद दीपक की बहन दीपिका ने एसपी को पत्र लिखकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। दीपिका ने सीसीटीवी फुटेज भी एसपी को मुहैया कराई थी, जिसमें कुछ लोग उसके भाई को पीटते हुए साफ दिखाई दे रहे थे। एसपी के आदेश पर मॉडल टाउन थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।*

# अरेस्ट होने तक व्यवस्था पर भारी पड़ा जेई, सात माह में 22 बार ट्रांसफर, हर बार रुकवाने में रहा कामयाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

करीब पांच साल तक धारूहेड़ा नगर पालिका में जेई के पद पर बने रहना। सात माह की अवधि में 22 बार तबादला। हर बार चंद दिनों में ही तबादला रुकवाने में सफलता। सिर पर एक नेता का हाथ। सेवानिवृत्ति से पांच माह पहले घूसखोरी के आरोपी में गिरफ्तारी। यह कहानी है कि एसीबी की टीम के हत्थे चढ़े धारूहेड़ा नगर पालिका के जेई हरीश कुमार है। राजनीतिक रूप से प्रभावी इस कनिष्ठ अभियंता की गिरफ्तारी के साथ ही चर्चाओं का बाजार गर्म होना शुरू हो गया है। एंटी करप्शन ब्यूरो की गुरूग्राम टीम ने बीते वीरवार की शाम को जेई हरीश कुमार को 90 हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ नगर पालिका के ठेकेदार राजबीर ने रिश्वत मांगन की शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो की गुरुग्राम यूनिट को दर्ज कराई थी। राजबीर ने आरोप लगाया था कि उसके बिलों का भुगतान करने के लिए फाइल हरीश जेई के पास है। वह बिल पास करने की ऐवज में एक लाख रुपये की मांग कर रहा रहा है। एसीबी की टीम ने उसे 90 हजार रुपये देकर हरीश को देने के लिए भेजा था। इसके बाद आरोपी को रंगों हाथों गिरफ्तार कर लिया गया। उसके खिलाफ पीसी एक्ट की धारा 7, 13ए व बीएनएस की धारा 308 बी के तहत केस दर्ज किया गया है। लगभग पांच साल तक नपा जेई की कुर्सी पर चिपके रहे हरीश कुमार के रिटायरमेंट में लगभग 5 साल का समय ही बचा हुआ था। जानकार सूत्रों के अनुसार गत सात माह के दौरान हरीश का 22 बार रेवाड़ी, बावल व तावडू तबादला हुआ। हर बार तबादला होने के लगभग एक सप्ताह के अंदर की वह ट्रांसफर रुकवाने में कामयाब होता रहा।




- सफेदपोश का हाथ सिर पर होने के कारण टला तबादला, करीब पांच साल तक नहीं छोड़ा नपा ऑफिस का पीछा

रेवाड़ी। धारूहेड़ा नगर पालिका कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

### सफेदपोश का हाथ बना रहा सिर पर

*नपा कार्यालय के सूत्रों के अनुसार जेई की कार्यशैली को लेकर पूर्व में भी उंगलियां उठी थीं। उसका बार-बार तबादला होता रहा, लेकिन सफेदपोश का हाथ उसके सिर पर होने के कारण हर बार वह तबादला रुकवाने में कामयाब होता रहा। अब सवाल यह उठ रहा है कि 'इमानदार सरकार' में किस नेता का साथ आरोपी जेई को मिलता रहा।*



### पाइप लाइन में सेंध लगाकर तेल चोरी का आरोपी 8 साल बाद काबू

**रेवाड़ी।** वर्ष 2018 में जाटूवास में पास आईओसी की पाइप लाइन में सेंध लगाकर तेल चोरी करने के एक और आरोपी को लगभग 8 साल बाद प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। वह अन्य मामले में जेल में बंद चला आ रहा है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। दो आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। 4 दिसंबर 2018 को इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अधिकारी योगेश कुमार ने पुलिस शिकायत में बताया था कि उसकी कंपनी की पाइप लाइन गांव जाटूवास से होकर गुजर रही है। उसकी पाइप लाइन टूटने से खेतों में तेल बह रहा है। अज्ञात लोगों ने खेत से जा रही पाइप लाइन में सेंध लगाकर तेल चोरी किया है। इससे बड़ी आगजनी हो सकती थी। पुलिस ने उसकी शिकायत पर विस्फोटक अधिनियम व अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज करते हुए आरोपियों का पता लगाने के प्रयास शुरू किए थे। जांच के बाद पुलिस ने दो आरोपी जोगिन्द्र व शेलेन्द्र उर्फ शालु को पहले ही गिरफ्तार कर लिए थे।

**गेहूं की फसल पर दीमक का खतरा बढ़ा, कल से तेज हवाएं चलने की संभावना**

# सीजन का सबसे गर्म दिन रहा शुक्रवार, पारा 33 डिग्री पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सर्दी की विदाई लगभग हो चुकी है। सुबह के समय हल्की ठंड का अहसास होता है, परंतु दोपहर तक गर्मी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने लगी है। तापमान में तेजी से वृद्धि होना शुरू हो गया है। लंबे समय से बंद पड़े पंखे अब दिन के समय चलने शुरू हो गए हैं। रात का तापमान सामान्य से कम चल रहा है, जिससे सुबह के समय मौसम ठंडा बना रहता है। जल्द तेज हवाएं चलने की संभावना है, परंतु अभी बारिश की कोई संभावना नहीं है। गर्म मौसम ने गेहूं की फसल के लिए खतरा पैदा कर दिया है। शुक्रवार को सुबह से ही आसमान साफ रहा। सुबह 9 बजे तक मौसम ठंडा रहा। इसके बाद तेज धूप निकलते ही मौसम का मिजाज गर्म होना शुरू हो गया। अधिकतम तापमान 2.0 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ 33.0 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। इस सीजन का यह सर्वाधिक तापमान है, जिस कारण शुक्रवार का दिन सबसे गर्म बना रहा। न्यूनतम तापमान 0.4 डिग्री की मामूली गिरावट के साथ 9.6 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। हवा में नमी का स्तर कम होकर 33 प्रतिशत रहा, जबकि हवाओं की रफ्तार 8 किलोमीटर प्रति घंटा रही। मौसम दोपहर तक इस कदर गर्म हुआ कि लोगों को पंखों की शुरूआत करनी पड़ गई। मौसम विभाग के अनुसार मार्च के पहले ही सप्ताह में तापमान 35 डिग्री के पार पहुंच जाएगा।

रात के तापमान में भी तेजी से वृद्धि होगी। होली पर्व तक सुबह व रात के समय की ठंड का असर लगभग खत्म हो जाएगा। अभी जल्द बारिश की कोई संभावना नहीं है। 1 मार्च से हवाओं की रफ्तार 20 किमी प्रति घंटा से भी ज्यादा बढ़ सकती है। तीन-चार दिन तक तेज हवाएं चल सकती हैं।


रेवाड़ी। एक खेत में कटाई के लिए तैयार सरसों की फसल। फोटो : हरिभूमि

### गेहूं की खेती पर प्रतिकूल असर पड़ेगा

इस समय गेहूं की अगेती फसल में दाना बनना शुरू हो गया है। पछेती फसल में बालियां निकल रही हैं। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार तापमान बढ़ने से जमीन गर्म हो जाती है। इससे दीमक जमीन से बाहर आकर गेहूं की फसल पर आक्रामण कर देती है। दीमक का प्रकोप शुरू होते ही गेहूं सूखने लगता है, जिससे फसल उत्पादन में कमी आती है। उनका कहना है कि इस समय किसानों को नियमित रूप से गेहूं की सिंचाई करनी चाहिए। दीमक का असर पाए जाने पर कृषि विशेषज्ञ की सलाह पर दवा का छिड़काव करना चाहिए।

### गर्मी के साथ बढ़ेगी बिजली की मांग

मौसम गर्म होने के साथ ही बिजली की डिमांड बढ़नी भी शुरू हो जाएगी। अभी तक बिजली की दैनिक लगभग 70 लाख यूनिट है। कृषि क्षेत्र में बिजली की मांग बढ़ रही है। गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली की मांग में भी जल्द वृद्धि होनी शुरू हो जाएगी। डिमांड 80 लाख यूनिट के पार होते ही पीक अवर्स में लोगों को पावर कटों का सामना भी करना पड़ सकता है। अभी तक बिजली की आपूर्ति और मांग में अंतर नहीं है, जिससे पावर कट नहीं लग रहे हैं।



# तू या मैं के फ्लॉप होने से निराश हुए आदर्श

**मुंबई।** अभिनेता आदर्श गौरव हाल ही में फिल्म 'तू या मैं' में नजर आए थे। फिल्म में आदर्श के अभिनय की जमकर प्रशंसा भी हुई। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं हो सकी। अब फिल्म के कलेक्शन पर आदर्श ने निराशा व्यक्त की है। साथ ही उन्होंने लोगों से नए कलाकारों की ऐसी प्रयोगात्मक फिल्मों को एक मौका देने की भी अपील की। फिल्म के प्रदर्शन पर निराशा जताते हुए एक्टर ने कहा कि अगर ऐसा ही रहा तो मुझ जैसे कलाकार कहां जाएंगे? नए कलाकार कहां जाएंगे?



लाइफ Style

# डेजी

## परिवार शुरू करने के लिए शादी जरूरी नहीं

बॉलीवुड एक्ट्रेस डेजी शाह ने हाल ही में शादी और मां बनने को लेकर अपनी सोच खुलकर शेयर की है। डेजी शाह ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने शादी को डरावना बताया है और उन्होंने साफ कहा कि उनके लिए परिवार शुरू करने के लिए शादी जरूरी नहीं है। साथ ही मां बनने को लेकर भी उन्होंने बड़ा फैसला लिया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक इंटरव्यू में, 'जय हो' की एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने अपने एग्स फ्रीज करवा लिए हैं, ताकि भविष्य में जब भी वे चाहें, वे मां बन सकें। उनका कहना है कि वे अपनी जिंदगी के फैसले अपनी शर्तों पर लेना चाहती हैं। डेजी ने माना कि आजकल रिश्तों से जुड़ी खबरें उन्हें परेशान करती हैं। उन्होंने कहा, 'हर दिन कुछ ना कुछ हो रहा है, कपल्स के ब्रेकअप या वो 'ब्लू ड्रम' जैसे चौंकाने वाले मामले। ये सब बहुत डरावना है।' हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने शादी को लेकर ज्यादा सोचा नहीं है। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह शादी करेंगी, तो उन्होंने जवाब दिया कि यह फैसला उन्होंने 'ऊपरवाले पर छोड़ दिया है।' इंटरव्यू के दौरान जब उनसे 'प्यार' और 'पैसा' में से एक चुनने को कहा गया, तो 41 साल की एक्ट्रेस ने मुस्कुराते हुए कहा कि उन्हें दोनों चाहिए। उनका मानना है कि रिश्ते में इमोशनल कनेक्शन के साथ-साथ आर्थिक रूप से मजबूत होना भी जरूरी है। वे चाहती हैं कि उनका पार्टनर खुद से आर्थिक रूप से सुरक्षित और स्वतंत्र हो। मदरहुड पर बात करते हुए डेजी ने साफ कहा, 'परिवार शुरू करने के लिए शादी जरूरी नहीं है।' उन्होंने बताया कि उन्होंने एग फ्रीज करवाने का फैसला इसलिए लिया।

हॉलीवुड मसाला



## वॉर्नर ब्रदर्स... को नहीं खरीदेगा नेटफ्लिक्स

**लॉस एंजिल्स।** नेटफ्लिक्स और वॉर्नर ब्रदर्स की डील पिछले साल शुरू हुई थी। अब यह डील लगभग खत्म हो गई है। नेटफ्लिक्स इस डील से पीछे हट गया है। नेटफ्लिक्स ने वॉर्नर ब्रदर्स डिस्कवरी को खरीदने का अपना प्रस्ताव वापस ले लिया है। इससे कई महीनों से चल रही बोली की लड़ाई में पैरामाउंट स्काइडांस आगे हो गई है। वॉर्नर ब्रदर्स ने गुरुवार को कहा कि पैरामाउंट की नई पेशकश नेटफ्लिक्स से बेहतर है। पैरामाउंट ने कुछ दिन पहले अपनी पेशकश बढ़ाते हुए प्रति शेयर 1 डॉलर अधिक देने पर सहमति जताई थी। नेटफ्लिक्स ने वॉर्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के लिए अपनी बोली बढ़ाने से मना कर दिया।



## रॉबर्ट ने रोते हुए कहा- आप लोगों को बांट नहीं सकते

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के सबसे महान एक्टर्स में शुमार 82 साल के रॉबर्ट डी नीरो ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को 'देश का दुश्मन' बताया है। उन्होंने ट्रंप सरकार की नीतियों का खुलकर विरोध किया है। यही नहीं, सोमवार को वह अमेरिका के हालात पर बात करते हुए भावुक भी हो गए। उनकी आंखों में आंसू आ गए। रॉबर्ट डी नीरो अपने बेबाक राजनीतिक विचारों के लिए जाने जाते हैं। यह सब तब हुआ, जब वह निकोल वॉलेस के पॉडकास्ट, 'द बेस्ट पीपल' में न्यूयॉर्क शहर और पूरे अमेरिका में हालात पर अपनी गहरी चिंता जाहिर कर रहे थे। रॉबर्ट डी नीरो ने चेतावनी दी कि डोनाल्ड ट्रंप का राज न्यूयॉर्क के लोगों के खिलाफ बदले की कार्रवाई शुरू कर सकता है। लोग जाने वाले नहीं हैं, भले ही ट्रंप किसी वजह से मर जाएं।' आपको लोगों को ऊपर उठाना होगा। आपको उन्हें एक साथ लाना होगा। बस। आप लोगों को बांट नहीं सकते।



## अस्सी को लेकर शेयर किया वीडियो...

**मुंबई।** अनुभव सिन्हा के निर्देशन में बनी तापसी पन्नू स्टारर फिल्म 'अस्सी', इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। फिल्म को क्रिटिक्स से जबरदस्त प्रशंसा मिली है। वहीं, इसे देखने वाला भी हर इंसान फिल्म की तारीफ कर रहा है। हालांकि, तमाम प्रशंसाओं के बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धीमी रफ्तार से आगे बढ़ रही है। अब अभिनेत्री तापसी ने फिल्म को लेकर एक वीडियो बनाया है, जिसमें उन्होंने फिल्म को मिल रही तारीफों और रिव्यूज की बात की। वीडियो में तापसी ने 'थप्पड़' से लेकर 'अस्सी' तक के बारे में बात की। साथ ही लोगों से फिल्म देखने की अपील भी की है। तापसी कहती हैं, 'कुछ फिल्में होती हैं, जिनके लिए मैसेज आते हैं कि क्या कमाल की कहानी है। लेकिन, कुछ फिल्में ऐसी होती हैं, जिनके लिए संदेश आते हैं कि ये फिल्म करने के लिए थैंक्यू।



## वफादारी पर लिखी दुख भरी बात...

**मुंबई।** दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन न सिर्फ स्क्रीन पर बल्कि सोशल मीडिया के जरिए भी फैंस का दिल जीत लेते हैं, चाहे वो उनके ट्वीट हों या ब्लॉग पर रोजाना की अपडेट। उनके देर रात के पोस्ट अक्सर फैंस का मनोरंजन करते हैं और कभी-कभी उन्हें उलझन में भी डाल देते हैं। हाल ही में, वफादारी पर उनकी एक बात ने लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया। उनके ट्वीट ने फैंस को खूब हंसाया। शुक्रवार (27 फरवरी) की सुबह, एक्टर ने एक वाक्य लिखा जिसने तुरंत सबका ध्यान खींचा। उन्होंने लिखा, 'वफादार लोग दुनिया के हर कोने में मिलते हैं, लेकिन दुर्भाग्य से, पृथ्वी गोल है।' हालांकि, इस कथन का सटीक अर्थ स्पष्ट नहीं हो सका, लेकिन इसने रिएक्शन्स की बाढ़ ला दी। फैंस ने हंसी और अटकलों के साथ रिएक्शन दिया।

टीवी मसाला



## कपिल के शो में लंगर लगा हुआ है, आधा पंजाब उसमें है : सुनील

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन सुनील पाल ने एक बार फिर कपिल शर्मा और उनके शो के बारे में बात की है। सुनील ने कहा है कि उन्हें कपिल से कोई शिकायत या मतभेद नहीं है, पर वह उनके शो में तभी जाएंगे, जब कॉमेडियन को वाकई उनकी जरूरत होगी। सुनील ने कहा कि कपिल के शो में लंगर लगा हुआ है, आधा पंजाब उसी में है। एक समय था जब कॉमेडियन सुनील पाल का खूब जलवा था। वह टीवी पर खूब कॉमेडी करते नजर आते थे, पर काफी समय से न सिर्फ कॉमेडी से दूर हैं, बल्कि किसी प्रोजेक्ट में भी नजर नहीं आ रहे हैं। हालांकि, वह अपने बयानों के कारण सुर्खियों में बने रहते हैं। साल 2024 में सुनील पाल तब सुर्खियों में आ गए थे, जब उन्हें हरिद्वार एक इवेंट में बुलाने के नाम पर कथित तौर पर किडनैप कर लिया गया था और फिरौती की मांग की गई थी। हालांकि, सुनील पाल के कपिल शर्मा संग रिश्ते की भी खूब चर्चा रही है। अतीत में कई मौकों पर सुनील पाल, कपिल शर्मा के शो और उसके कंटेंट पर कटाक्ष करते नजर आए, पर अब सिर्फ तारीफ है। सुनील पाल ने एक पॉडकास्ट में कहा है कि उनका कपिल के साथ कोई मतभेद नहीं है। बल्कि वह तो उन्हें अपने शो में बुलाते रहते हैं, लेकिन वह तभी जाएंगे जब कॉमेडियन को वाकई उनकी जरूरत होगी। सुनील पाल ने हाल ही कपिल शर्मा की तारीफ करते हुए कहा, 'मुझे कपिल शर्मा से कोई शिकायत नहीं है। बल्कि मैं उनका बहुत बड़ा फैन हूं। कपिल पिछले 12 साल से अपना शो चला रहे हैं। वह बहुत अच्छा काम कर रहे हैं और हमेशा अपने दोस्तों की तरक्की का भी पूरा ख्याल रखते हैं। वह दुनिया के सबसे ज्यादा फीस लेने वाले कॉमेडियन हैं।'

## सर्जरी के बाद घर लौटकर बयां किया दर्द

**नई दिल्ली।** 'ससुराल सिमर का' फेम एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ भले ही छोटे पर्दे से दूर हैं, लेकिन लाइमलाइट में बराबर बनी रहती हैं। पिछला कुछ



वक्त उनके लिए मुश्किल से भरा हुआ भी रहा। पहले दीपिका कक्कड़ को लिवर कैंसर हो गया था और फिर सिस्ट। कैंसर के इलाज के बीच जब एक्ट्रेस को सिस्ट हुआ तो वह फैंस को इसकी जानकारी देते हुए इमोशनल हो गई थीं। हाल ही में दीपिका कक्कड़ ने रिवील किया कि उन्होंने उनकी सिस्ट की सर्जरी हो गई है और वह घर लौट आई हैं। घर लौटने के बाद एक्ट्रेस ने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो शेयर कर फैंस के साथ अपना दर्द बयां किया है। उन्होंने कहा कि उनका सिस्ट 13 एमएम का था, जिसे ईएफए नाम के एक प्रोसेस के जरिए जला दिया गया था। सर्जरी हो गई है, लेकिन दर्द अभी भी है। दीपिका ने आगे कहा, 'कल रात हम घर लौट आए। पूरा प्रोसेस ठीक रहा। लोग आपको तैयार करते हैं कि यह दोबारा हो सकता है। लेकिन, जब यह असल में होता है, तो इससे निपटने में समय लगता है।

## भाई तेरा यार है में लीड रोल निभाएंगे राघव, शूटिंग शुरू

**मुंबई।** डांसर से एक्टर बने राघव जुयाल अपनी जिंदगी के एक नए और बड़े पड़ाव में कदम रख चुके हैं। उन्होंने अपनी नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। द बैड्स ऑफ बॉलीवुड की शानदार सफलता के बाद राघव अब पहली बार बतौर लीड एक्टर किसी फिल्म का हिस्सा बनने जा रहे हैं। इससे पहले वे द बैड्स ऑफ बॉलीवुड और किल फिल्म में काम कर चुके हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, राघव फिल्म 'भाई तेरा यार है' में नजर आएंगे। इस हफ्ते फिल्म की शूटिंग दोबारा शुरू हुई है।

पहले शूटिंग शेड्यूल को बीच में ही रोकना पड़ा था क्योंकि राघव का पैर टूट गया था। उस वक्त पूरी टीम को लंदन से वापस लौटना पड़ा था। अब राघव पूरी तरह ठीक हो चुके हैं और फिल्म की शूटिंग फिर से पटरी पर आ गई है। इस फिल्म का निर्देशन विवेक अग्रवाल कर रहे हैं, जो 'आई सी यू' के लिए जाने जाते हैं, जिसमें अर्जुन रामपाल नजर आए थे। राघव के लिए यह फिल्म खास है क्योंकि इससे पहले किल और 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में उन्होंने अहम भूमिकाएं निभाई थीं, लेकिन 'भाई तेरा यार



है' में वह पहली बार लीड रोल में दिखाई देंगे। राघव की झोली में और भी बड़े प्रोजेक्ट्स हैं। वे नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में रावण के बड़े बेटे मेघनाद का किरदार निभाते नजर आएंगे। उनका रोल फिल्म के पार्ट 2 में दिखेगा। इसके अलावा, राघव शाहरुख खान की फिल्म 'किंग' का भी हिस्सा हैं। इस फिल्म को सिद्धार्थ आनंद डायरेक्ट कर रहे हैं। इसमें सुहाना खान, दीपिका पादुकोण और अभिषेक बच्चन भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म 24 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। इसी के साथ राघव 'द पैराडाइज' का भी हिस्सा हैं। इस मल्टीलिंगुअल फिल्म में नानी, कयादू लोहार, मोहन बाबू और सोनाली कुलकर्णी लीड रोल में हैं। यह फिल्म 21 अगस्त को रिलीज होगी।

## जबरदस्ती इंटीमेट सीन्स को लेकर भाग्यश्री ने जताई नाराजगी

**मुंबई।** भाग्यश्री पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। वो सोशल मीडिया पर भी खूब एक्टिव रहती हैं। ऐसे में अब एक्ट्रेस अपने एक इंटरव्यू को लेकर सुर्खियों में बनी हुई है, जिसमें उन्होंने फिल्मों में दिखाए जाने वाले इंटीमेट सीन्स को लेकर बात की। भाग्यश्री ने 90 के दशक और आज के सिनेमा के बीच के अंतर के बारे में बात की, और कहा कि आज फिल्मों में जबरदस्ती इंटीमेट सीन्स दिखाने की जरूरत नहीं है। इस दौरान जब उनसे पूछा गया कि आज के सिनेमा में उन्हें कौन से बदलाव पसंद हैं और कौन से नहीं, तो भाग्यश्री ने कहा, 'सिनेमा समाज को दिखाता है। 90 के दशक में, यह एकमात्र मनोरंजन था, एकमात्र ऐसी जगह थी जो परिवार को एक साथ समय बिताने का मौका



देती थी। आज, परिवार छोटे हो गए हैं, लोग ज्यादा अपने-आप में सोचते हैं, और क्रिएटिव आर्ट के कई तरीके हो गए हैं। इसलिए, चॉइस भी बहुत हैं।' भाग्यश्री ने आगे कहा, 'हालांकि, हर तरह के दर्शकों को खुश करना नामुमकिन हो गया है। फिल्में गुटों, जॉनर, आर्ट फिल्मों वगैरह में बंट गई हैं। मुझे सच में लगता है कि रियलिज्म नया मार्केट है, लेकिन ऐसी करीबी दिखाना जरूरी नहीं है, जिससे आप अपने माता-पिता या बच्चों के साथ बैठकर आसानी से देख नहीं सकें। कहानियां समाज को ध्यान में रखते हुए बिना बोल्डनेस के भी अलग-अलग तरह की और दिलचस्प तरीके से दिखाई जा सकती हैं।' उन्होंने यह भी बताया कि 90 के दशक में, कहानियां ज्यादा पेट्रियार्कल कैरेक्टर से चलती थीं, जिससे शादी के बाद फीमेल एक्टर्स के लिए काम करना कम हो जाता था। उन्होंने आगे कहा कि वर्किंग वुमन अभी भी समाज के लिए एक नया कॉन्सेप्ट है, लेकिन ज्यादा पढ़ी-लिखी महिलाओं के आगे आने से, महिलाओं को कैसे देखा जाता है, इस बारे में सोच बदल गई है। उन्होंने शादी के बाद महिलाओं को काम करने के लिए बढ़ावा देने और सपोर्ट करने के लिए पुरुषों की भी तारीफ की।

### रिलीज होंगी सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर फिल्में-सीरीज

# इस वीकएंड मिलेगा मनोरंजन का तगड़ा डोज

*नई दिल्ली। फरवरी का महीना खत्म होने वाला है। इसी के साथ यह वीक भी विदा ले रहा है। मगर, मनोरंजन के लिहाज से यह वीकएंड काफी शानदार होने वाला है। होली से पहले मस्ती का भरपूर माहौल है। वहीं, मनोरंजन के लिए ओटीटी पर भी खूब बढ़िया इंतजाम हैं। सस्पेंस से लेकर थ्रिलर और कॉमेडी तक, हर किस्म का ऑप्शन दर्शकों के लिए मौजूद है।*

**द ब्लफ** : बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा की हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' ओटीटी पर आ चुकी है। इस वीकएंड आप इसे देख सकते हैं। यह फिल्म 25 फरवरी को प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन फ्रैंक ई फ्लॉवर ने किया है। कहानी के केंद्र में एर्सेल 'ब्लडी मैरी' बोडेन (प्रियंका चोपड़ा जोनस) हैं, जो कभी एक खतरनाक समुद्री डाकू रही है।

**इक्कीस** : दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म 'इक्कीस' सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है। इस फिल्म के जरिए अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा ने बड़े पर्दे पर डेब्यू किया। श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी फिल्म 'इक्कीस' इस साल पहली जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह बायोग्राफिकल वॉर ड्रामा फिल्म है, जो सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल पर आधारित है। अगस्त्य नंदा ने लीड रोल अदा किया है। यह फिल्म गुरुवार 26 फरवरी को प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई।



**इक कुड़ी** : यह शहनाज गिल अभिनीत फिल्म है। इसमें शहनाज ने दोहरी भूमिका अदा की है। यह फिल्म 31 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और दर्शकों से इसे अच्छा रेस्पॉन्स मिला था। 26 फरवरी को यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म चौपाल पर रिलीज हो चुकी है। इस वीकएंड इस फिल्म को देख सकते हैं।

**अक्यूज्ड** : कोंकणा सेन शर्मा और प्रतिभा रांटा अभिनीत फिल्म अक्यूज्ड भी इस वीक की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। अनुभूति कश्यप के निर्देशन में बनी यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर 27 फरवरी से स्ट्रीम हो गई है। 'अक्यूज्ड' पोलैंड में सेट सस्पेंस ड्रामा है।

**साइको सैयां** : इसके अलावा इस वीकएंड पर रोमांटिक थ्रिलर सीरीज 'साइको सैयां' भी देखी जा सकती है। तेजस्वी प्रकाश, रवि किशन और अनुद सिंह ढाका जैसे सितारों से सजी इस सीरीज ने 24 फरवरी को प्राइम वीडियो पर दस्तक दी।

***क्रांतिज्योति विद्यालय मराठी माध्यम*** : *मराठी फिल्म 'क्रांतिज्योति विद्यालय मराठी माध्यम' ने सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन किया। अब यह फिल्म ओटीटी पर भी उपलब्ध है। हेमंत धोमे के निर्देशन में बनी इस फिल्म को दर्शक आज शुक्रवार 27 फरवरी 2026 से जी5 पर देख सकते हैं। इस फिल्म की कहानी इंग्लिश मीडियम स्कूलों की वजह से मराठी स्कूलों में घटती बच्चों की संख्या के मुद्दे को दिखाती है। इसमें दिखाया गया है कि स्कूल के पुराने छात्र और शिक्षक संस्था को बचाने के लिए साथ आते हैं। फिल्म में सचिन खेड़ेकर, अमेय वाघ, सिद्धार्थ चंदेकर, प्राजक्ता कोली, क्षिति जोग, कादंबरी कदम और हरीश दुधाड़े जैसे सितारे अहम रोल में हैं।*

***संगमरमर*** : *सूरज बड़जात्या के राजश्री प्रोडक्शन के बैनर तले बनी यह सीरीज इस वीक की लिस्ट के लिए शानदार ऑप्शन है। यह कई पीढ़ियों की फैमिली ड्रामा सीरीज है। इसमें अमृता (शीन सविता दास) की कहानी है। उसकी जिंदगी परिवार की जिम्मेदारी और आदित्य (सौरभ राज जैन) के साथ प्यार के बीच एक अहम चुनाव से बदल जाती है। इस सीरीज को परिवार के साथ देखा जा सकता है। 26 फरवरी को यह सीरीज जियो हॉटस्टार पर रिलीज हुई।*

### आईजीयू में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, सततता व नवाचार को बढ़ावा विषय पर हुई प्रदर्शनी

# विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने पर दिया बल

■ साइंस एंड टेक्नालॉजी ऑन कैनवास प्रतियोगिता में गर्ल्स कॉलेज से ईशाना और पूजा बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में विज्ञान भारती हरियाणा के सहयोग तथा हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद यानि एचएससीएसआईटी के संयुक्त प्रायोजन से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर भारत में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, सततता और नवाचार को बढ़ावा देना विषय पर नवोन्मेष-2026 विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम 28 फरवरी 1928 को भौतिक विज्ञानी सीवी रमन की ओर से रमन प्रभाव की खोज की स्मृति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि के कुलपति प्रोफेसर असीम मिगलानी ने की। मुख्य अतिथि प्रो. दिनेश कुमार कुलपति श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय पलवल थे, जबकि मुख्य वक्ता प्रो. राकेश कुमार भारद्वाज रसायन विज्ञान केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा थे। नवोन्मेष 2026 की संयोजक प्रो. रश्मि पुंडीर ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताई और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। कुलसचिव प्रो. दिलबाग सिंह ने विवि की शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं शोध-आधारित विकास के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। मुख्य अतिथि प्रो. दिनेश कुमार ने प्राचीन भारतीय ग्रंथों में वर्णित विज्ञान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत कभी विश्व का विज्ञान मार्गदर्शक रहा है। उन्होंने मात्रात्मक शोध के स्थान पर प्रभावी और गुणात्मक अनुसंधान की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्य वक्ता प्रो. भारद्वाज ने उभरती वैज्ञानिक प्रगतियों पर विचार साझा किए। कुलपति प्रो. मिगलानी ने विश्वविद्यालय की अनुसंधान, नवाचार और वैज्ञानिक जागरूकता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दोहराया।





रेवाड़ी। प्रदर्शनी में मॉडल्स का व रंगोली का अवलोकन करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

#### यह रहे प्रतियोगिताओं के परिणाम

इस अवसर पर तीन प्रमुख प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। साइंस एंड टेक्नालॉजी ऑन कैनवास, वेस्ट टू वेल्थ मॉडल तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में स्टार्ट-अप के लिए नवाचारी विचार प्रस्तुति, जिनमें 230 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। साइंस एंड टेक्नालॉजी ऑन कैनवास प्रतियोगिता का मूल्यांकन प्रो. सतिंदर बल, डा. श्रुति त्यागी एवं डा. अभय सिंह केएलपी कॉलेज ने किया। प्रतियोगिता में ईशाना और पूजा राजकीय कन्या महाविद्यालय रेवाड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। तुषार और प्रीति कंप्यूटर विज्ञान विभाग आईजीयू ने द्वितीय तथा गुरवीन कौर और साक्षी रसायन विज्ञान विभाग आईजीयू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वेस्ट टू वेल्थ मॉडल प्रतियोगिता का मूल्यांकन डा. सुमन, डा. विपिन कुमार एवं डा. सतीश कुमार प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय नारनौल ने किया, जिसमें हरकेश और याशी बायोटेक विभाग आईजीयू ने प्रथम, नेहा और स्वीटी गुप्ता भौतिकी विभाग आईजीयूए ने द्वितीय और निश्का और अनुज लांबा राजकीय महाविद्यालय नारनौल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। नवाचारी विचार प्रस्तुति प्रतियोगिता का मूल्यांकन प्रो. सविता श्योराण, डा. रमेश एवं डा. जयश्री राजकीय कन्या कॉलेज रेवाड़ी ने किया, जिसमे गीतांजलि और देवानंद पर्यावरण विज्ञान विभाग आईजीयू ने प्रथम, प्रज्ञा यादव फामेर्सी विभाग आईजीयू ने द्वितीय तथा प्रिया व अपना भौतिकी विभाग आईजीयू ने तृतीय स्थाना हासिल किया। सभी विजेताओं को प्रमाण-पत्र और पुरस्कार वितरित किए गए। प्रो. पंकज त्यागी ने सभी का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग की सहायक प्रोफेसर डा. संगीता यादव ने किया। कार्यक्रम में अधिष्ठाता शैक्षणिक मामले प्रो. सुनील कुमार, अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग प्रो. करण सिंह, प्रो. सुनील कुमार, प्रो. सतीश कुमार, डा. महाबीर बड़क, डा. रीना हुड्डा, डा. राजेंद्र कुमार, डा. सोनाली बत्रा, डा. संजय यादव, डा. नवीन कुमार, डा. कविता यादव, डा. अशोक कुमार, डा. हेमंत कुमार, डा. प्रिया कुमारी व डा. अमित कुमार ने योगदान दिया।

## सीआईए कोसली ने 8.29 ग्राम स्मैक सहित नशा तस्कर दबोचा



रेवाड़ी। सीआईए कोसली ने मादक पदार्थ 8.29 ग्राम स्मैक सहित एक तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। तस्कर की पहचान गांव ढोकिया निवासी अशोक कुमार के रूप में हुई है। सीआईए कोसली प्रभारी एसआई सुभाष चंद ने बताया कि 26 फरवरी की रात को सहायक उप निरीक्षक विक्रांत अपनी टीम के साथ बेरली कलां टी पॉइंट पर मौजूद थे। इस दौरान सूचना मिली कि अशोक कुमार निवासी गांव ढोकिया नशीला पदार्थ स्मैक बेचने का अवैध काम करता है तथा गुरुग्राम से स्मैक लेकर डहीना रोड़ से होते हुए बेरली कलां अपने किराये के कमरे पर आएगा। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके से आरोपी को स्मैक सहित काबू कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# फ्री ट्रायल और एक रुपये सब्सक्रिप्शन के नाम पर हो रही ठगी, पुलिस ने किया सतर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक हेमेन्द्र कुमार मीणा ने जिला वासियों को मोबाइल ऐप्स पर 3 दिन फ्री ट्रायल या 1 रुपये में सब्सक्रिप्शन के झांसे में लेकर की जा रही साइबर ठगी से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी आकर्षक विज्ञापनों के माध्यम से लोगों को ऐप डाउनलोड करने के लिए प्रेरित करते हैं और ट्रायल ऑफर स्वीकार करते ही ऑटो-पे या सब्सक्रिप्शन सक्रिय कर देते हैं। इस प्रकार की ठगी में यूजर को सीमित अवधि के लिए मुफ्त या 1 रुपये में सेवा देने का लालच दिया जाता है। आई एग्री या सब्सक्राइब पर क्लिक करते ही बैंक खाते, डेबिट-क्रेडिट कार्ड या यूपीआई से ऑटो-डिडक्ट की अनुमति सक्रिय हो जाती है। ट्रायल समाप्त होते ही बिना स्पष्ट सूचना के 499, 899 या इससे अधिक राशि हर माह या वार्षिक आधार पर खाते से कटने लगती है। कई मामलों में ऐप डिलीट करने के बाद भी कटौती जारी रहती है।

#### स्कैम से बचने के जरूरी उपाय



इस स्कैम में पीड़ित को जब जानकारी मिलती है, तक तक बैंक खाते से कई बार राशि कट चुकी होती है। यह ठगी आर्थिक नुकसान के साथ मानसिक परेशानी और असुरक्षा की भावना भी उत्पन्न करती है। किसी भी ऐप को डाउनलोड करने से पहले उसकी प्रामाणिकता, रेटिंग व रिव्यू की जांच करें। टर्म एंड कंडीशन पढ़े बिना किसी ऑफर को स्वीकार न करें। बैंक खाते-कार्ड में सक्रिय ऑटो-पे या स्टैंडिंग इंस्ट्रक्शन नियमित रूप से जांचें। अनजान ऐप्स को कार्ड या नेट बैंकिंग की अनुमति न दें। केवल ऐप डिलीट करना पर्याप्त नहीं, पहले सब्सक्रिप्शन आधिकारिक रूप से कैंसिल करें। यदि खाते से अनाधिकृत राशि कटे तो तुरंत संबंधित बैंक से संपर्क कर ऑटो-पे बंद कराएं और आवश्यक हो तो कार्ड ब्लॉक कराएं। किसी भी साइबर ठगी की शिकायत तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करके या साइबरक्राइम.जीओवी.इन पर शिकायत दर्ज कराएं।

# वार्ड व बूथ स्तर पर संगठन किया जाएगा मजबूतः राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि पार्टी संगठन को वार्ड और बूथ लेवल तक मजबूत बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। संगठन बनने के बाद पूरे प्रदेश में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। संगठन के पदाधिकारियों की मासिक बैठक लेने आए राव नरेंद्र सिंह शुक्रवार को कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष रेखा दहिया के निवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें संगठन मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि पार्टी की जिला कार्यकारिणी गठित होने के बाद वह संगठन के पदाधिकारियों से चर्चा करने के लिए आए हैं। संगठन को लगातार मजबूत बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। पार्टी कार्यकर्ताओं में संगठन खड़ा होने के बाद भारी जोश देखने को मिल रहा है। पार्टी की जन कल्याण की नीतियों को आमजन तक पहुंचाने के लिए संगठन पदाधिकारियों को निर्देश दिए जा रहे हैं। साथ ही जनविरोधी निर्णय से लोगों को परेशान कर रही भाजपा के कारनामों को भी जनता के सामने उजागर किया जा रहा है। आने वाले समय में प्रदेश की जनता भाजपा सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने का कार्य करेगी। इस मौके पर उनके साथ प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी जितेंद्र बघेल व पार्टी के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।



## जहरीला पदार्थ निगलने से स्कूल चौकीदार की संदिग्ध हालात में मौत

रेवाड़ी। मामड़िया अहीर में शुक्रवार दोपहर एक स्कूल चौकीदार ने संदिग्ध हालात में जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया। गांव निवासी लगभग 43 वर्षीय नरेंद्र गांव के स्कूल में चौकीदार लगा हुआ था। उसने संदिग्ध हालात में जहरीला पदार्थ निगल लिया। जब उसकी हालत बिगड़ी तो परिजनों को उसके जहर खाने का पता चला। परिजन उसे शहर के एक निजी अस्पताल लेकर आए, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने के बाद थाना खोल पुलिस अस्पताल पहुंच गई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सामान्य अस्पताल भिजवा दिया। जहर खाने के कारणों का पता नहीं चल सका।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में नए सदस्यों का स्वागत करते पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## पेंशनर्स व रिटायरिज एसोसिएशन का होली मिलन कार्यक्रम आयोजित

रेवाड़ी। शुक्रवार को अखिल भारतीय पंजाब नेशनल बैंक पेंशनर्स एवं रिटायरीज एसोसिएशन जिला यूनिट की की ओर पीएनबी अग्रणी बैंक कार्यालय नई अनाज मंडी में जीत सिंह टाईगर की अध्यक्षता में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम जिला सचिव नारायण सिंह तंवर ने होली पर कविता प्रस्तुत करते हुए एसोसिएशन के सभी सदस्यों व परिवारजनों को रंगों के त्योहार होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में पेंशनर्स के विभिन्न मदों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक के शुभारंभ पर रिटायरिज एसोसिएशन की केंद्रीय यूनिट के नेता केके कालिया के अचानक निधन पर दो मिनट को मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद यूनिट की सदस्यता ग्रहण करने पर मूलचंद खुराना का फूलमाला पहनाकर अभिनंनदन किया गया। यूनिट के कोषाध्यक्ष मोहन लाल तनेजा ने 31 दिसंबर 2025 की स्थिति अनुसार एसोसिएशन के खाते से संबंधित आय-व्यय का ब्यौरा पेश किया, जसे सदन ने सर्वसम्मति से पास किया। इसके बाद एक दूसरे को गुलाल का तिलक लगाकर रंगोत्सव होली पर्व मनाया गया। बैठक में पेंशन अपडेशन तथा पीएनबी हॉस्पिटेलाईजेशन सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर आरसी यादव स्टेट प्रेसिजेंट, अरूण गुप्ता सर्कल सेक्रेटरी, सुभाष चंद, सतीश बटला तथा राजेश कुमार सहित एसोसिएशन के अनेक सदस्य मौजूद थे। जिला अध्यक्ष टाइगर ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

**परीक्षा** जिले में 54 केंद्रों पर हो रही 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं

# बारहवीं पॉलिटिकल साइंस परीक्षा बावल में दो छात्र नकल करते पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की वार्षिक परीक्षाओं के दौरान शुक्रवार को बारहवीं के कला संकाय के करीब ढाई हजार विद्यार्थियों ने राजनीति विज्ञान का पेपर दिया। शुक्रवार को बावल क्षेत्र के गांव नांगल तेजू के सीनियर सैकेंडरी स्कूल में बावल एसडीएम की फ्लाइंग टीम ने दो परीक्षार्थियों को नकल करते पकड़ा है। वहीं एक पर्यवेक्षक को ड्यूटी से रिलीव किया गया है। इससे पहले 25 फरवरी को 12वीं के अंगेजी पेपर के दौरान कोसली में नकल करने पर एक यूएमसी केस बनाया गया था। जिले में 54 परीक्षा केंद्रों पर एचबीएसई दसवीं व बारहवीं की परीक्षाएं चल रही है। बारहवीं में 8476 व दसवीं के 8502 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल है। नकल रहित परीक्षा के संचालन के लिए प्रशासन अलर्ट मोड पर है। फ्लाइंग स्कवॉयड की टीमें परीक्षा केंद्रों पर जांच कर रही है। परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा-163 लागू की गई है। परीक्षा के समय परीक्षा केंद्रों के पास की फोटोस्टेट की दुकानें व साइबर कैफे बंद रखे जा रहे है। जांच के बाद विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जा रहा है, फिर भी नकल के मामले आ रहे है।



रेवाड़ी। नांगल तेजू स्कूल में मौजूद फ्लाइंग टीम। फोटो : हरिभूमि

#### आज दसवीं का हिंदी का होगा पेपर

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की तरफ से 28 मार्च को 10वीं कक्षा की हिंदी विषय की परीक्षा आयोजित की जाएगी। दो मार्च को 12वीं कक्षा की भौतिक विज्ञान व अर्थशास्त्र विषय की परीक्षा आयोजित की जाएगी। वहीं तीन मार्च को फिजिकल एजुकेशन विषय की परीक्षा होगी। इसी प्रकार पांच मार्च को 10वीं कक्षा की अंग्रेजी विषय तथा छह मार्च को 12वीं कक्षा की इतिहास व जीव विज्ञान विषय की परीक्षा होगी।

### खबर संक्षेप



#### एकादशी पर निकाली श्री श्याम शोभायात्रा

कोसली। कोसली रेलवे स्टेशन क्षेत्र में शुक्रवार को श्रद्धालुओं की ओर से फाल्गुन शुक्ल एकादशी के अवसर पर श्री श्याम खाटू वाले की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में काफी संख्या में महिलाएं शामिल हुई। इसके अलावा कोसली, नाहड़, छव्वा, उष्मापुर, मुरलीपुर, भैरमपुर, झाल, रतनथल व भाकली में भी श्री श्याम सेवा मंडलों ने शोभायात्रा निकालकर कोसली के श्रीश्याम मंदिर में बाबा को अपने निशान अर्पित किए। टैक्सी संचालकों व व्यापारियों के सहयोग से भंडारे का आयोजन भी किया गया। भंडारे में शहरवासियों ने प्रसाद ग्रहण किया एवं लोगों के लिए मंगलकामना की। इस अवसर पर मंडल के प्रधान भोलाराम सिंगल, लीलूराम स्वामी, मुकेश जांगड़ा, लीलूराम मोतला, ईश्वर गर्ग, विजय पूनिया, राजेन्द्र प्रसाद, शंकर गर्ग, शुभम मंगला, प्रमोद गर्ग, कपूर बंसल, सतीश नाहड़, पुजारी तुलसीदास व तेजपाल गर्ग सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।



#### मनोविज्ञान विभाग के छात्रों ने पीजीआई रोहतक का किया शैक्षणिक भ्रमण

मीरपुर। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग के एमएससी विद्यार्थियों की ओर से पीजीआईएमएस रोहतक के मनोरोग विभाग, क्लिनिकल साइकोलॉजी एवं नशा मुक्ति केंद्र का शैक्षणिक भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान पीजीआई के क्लिनिकल साइकोलॉजी विभाग के डा. जोगिंद्र कैरो ने विद्यार्थियों को मनोवैज्ञानिक आकलन की अवधारणा, विभिन्न न्यूरोसाइकोलॉजिकल परीक्षणों तथा उनकी क्लिनिकल उपयोगिताओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सटीक आकलन किसी भी मानसिक विकार के उपचार की पहली और महत्वपूर्ण कड़ी है। विद्यार्थियों ने मानसिक स्वास्थ्य संस्थान में डिप्रेशन और सिजोफ्रेनिया से ग्रसित मरीजों के वार्ड का भी अवलोकन किया। भ्रमण में प्राध्यापक डा. संदीप कुमार, डा. सतीश कुमार और रोहित कुमार सहित शोधार्थी भूमिका व पारुल ने सहयोग दिया।



#### गर्ल्स कॉलेज में कार्यशाला का समापन, योग परंपरा और नारी शक्ति के महत्व पर डाला प्रकाश

रेवाड़ी। सेक्टर-18 स्थित सावित्री बाई फुले राजकीय कन्या महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ एवं योग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में चल रही भारतीय योग परंपराः फिलॉसफी, प्रैक्टिस एंड होलिस्टिक लिविंग फॉर नारी शक्ति विषय पर सात दिवसीय कार्यशाला का शुक्रवार को समापन हो गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय से डा. धर्मवीर ने योगिक डाइट विषय पर व्याख्यान देते हुए संतुलित आहार, प्राकृतिक जीवनशैली तथा मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के मध्य गहरे संबंध को स्पष्ट किया। उन्होंने भारतीय योग परंपरा, दर्शन और नारी शक्ति के महत्व पर विचार साझा किए। प्राचार्या डा. ज्योति यादव ने छात्राओं को आत्म चिंतन, विनम्रता एवं निरंतर प्रयास के माध्यम से जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डा. शर्मिला यादव ने भारतीय सामाजिक संरचना, पितृसत्तात्मक व्यवस्था तथा भारतीय मूल्यों के संदर्भ में नारी की भूमिका पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में डा. सुनीता, डा. रितु, डा. रेनू, डा. रेखा, डा. संदीप, डा. अनुपमा व डा. दीपिका सहित अनेक स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

#### मानसिक रूप से परेशान युवक ने सहारनवास के पास रेल से कटकर जान दी

रेवाड़ी। वीरवार की रात सहारनवास के पास बीकानेर रेल लाइन पर एक युवक ने ट्रेन से कटकर जान दे दी। पहचान होने के बाद जीआरपी ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया। वह व्यक्ति कई दिनों से मानसिक रूप से बीमार चल रहा था। जीआरपी को सूचना मिली थी कि जोधपुर से दिल्ली जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन के आगे एक व्यक्ति की कटकर मौत हो गई है। रात को ही जीआरपी मौके पर पहुंच गई। जीआरपी को मृतक की जेब से एक डायरी मिले, जिसके आधार पर उसकी पहचान सहारनवास निवासी 43 वर्षीय धर्मबीर के रूप में हुई। जिले में सहारनवास के पास बीती रात एक व्यक्ति ने ट्रेन के आगे लेटकर आत्महत्या कर ली। यह घटना रात करीब 9 बजे की है, जिसमें व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान 43 वर्षीय सहारनवास निवासी धर्मबीर के रूप में हुई है। जीआरपी ने उसके परिजनों को सूचना देकर मौके पर बुलाया। परिजनों ने मृतक के धर्मबीर होने की पुष्टि कर दी। परिजनों ने जीआरपी को बताया कि वह कई दिनों से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था, जिस कारण उसने सुसाइड किया है। जीआरपी ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।



रेवाड़ी। रीजनल सेंटर में विज्ञान मॉडलों का अवलोकन करते मुख्य अतिथि।

## साइंस क्विज प्रतियोगिता में निकिता, मोनिका व छलक टीम बनी विजेता

कोसली। कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर भाषण, विज्ञान मॉडल, रंगोली और साइंस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डा.तेजीत सिंह, डा. अर्चना साहू और सतीश मस्तान ने छात्राओं की प्रतिभा की सराहना करते हुए विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया। निदेशक डा. यशपाल शर्मा ने कहा कि आज का समय टेक्नोलॉजी का समय है। इसलिए हमे निरंतर अपग्रेड रहना होगा। साइंस क्विज प्रतियोगिता में बीएससी प्रथम वर्ष की निकिता, मोनिका, छलक समूह ने प्रथम, रश्मि राव, स्नेह, अंजलि समूह ने द्वितीय व बीएससी फाइनल वर्ष की ज्योति, निकिता कुमारी, कोमल समूह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। साइंस मॉडल में बीएससी फाइनल की तमन्ना, निकिता, कोमल ने प्रथम, बीएससी द्वितीय वर्ष की मनीषा, टीना ने द्वितीय तथा बीएससी फाइनल की आरती, सपना व ज्योति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**सूचना**

मैं, कमला देवी पत्नी स्व. श्री धीर सिंह निवासी रेवाड़ी बयान करती हूं कि मेरा पुत्र विनोद व उसकी पत्नी ममता मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## रंग-गुलाल और पिचकारियों से सज गया होली का बाजार

# चार मार्च को मनेगा फाग उत्सव



रेवाड़ी। पैठ बाजार में सजी पिचकारियों की दुकान। *फोटो : हरिभूमि*



रेवाड़ी। नाईवाली सब्जीमंडी में सजी रंग व पिचकारियों की दुकान। *फोटो : हरिभूमि*

■ दुकानों पर हर्बल, ऑर्गेनिक रंग-गुलाल, स्नो-स्प्रे व मैजिक कलर्स की भी बिक्री होनी शुरू हो गई

■ होली पर्व को लेकर बाजार में बढ़ने लगी रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

होली पर्व को लेकर बाजार में रंग-गुलाल व आकर्षक पिचकारियों से दुकानें सज गई हैं। बच्चों के लिए कार्टून किरदार डोरेमोन, छोटा भीम, स्पाइडर मैन व सुपरमैन की मिल रही है। इस बार रंग-गुलाल व पिचकारियों में गत वर्ष के अपेक्षा दामों में करीब 10 प्रतिशत की वृद्धि भी हुई है। बाजार में 50 रुपये से लेकर करीब तीन हजार रुपये तक की पिचकारी उपलब्ध है। नाईवाली सब्जीमंडी बाजार, पैठ बाजार, पंजाबी मार्केट, गुड बाजार, मॉल व शापिंग काम्प्लैक्स में रंग-गुलाल व पिचकारियों की दुकानें सजी हुई हैं। इस बार रंगों का पर्व होली 2 मार्च व धुलेंडी पर्व 4 मार्च को मनाया जाएगा। दुकानों पर हर्बल, ऑर्गेनिक रंग-गुलाल, स्नो-स्प्रे व मैजिक कलर्स की भी बिक्री होनी शुरू हो गई है। मिष्ठान भंडारों पर भी होली पर्व को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। लोग साधारण और केमिकल युक्त गुलाल की जगह पर बिना केमिकल का नेचुरल हर्बल गुलाल अधिक खरीद रहे हैं।

**»** ***होलिका दहन व रंगोत्सव के बीच चन्द्र ग्रहण-सूतक के चलते 2 को होलिका दहन और 4 मार्च को मनेगा धुल्हेंडी पर्व***

### आकर्षक डिजाइनों की पिचकारियां उपलब्ध

पैठ बाजार के दुकानदार पवन कुमार व कैलाश गर्ग ने कहा कि भारतीय परंपरा में त्योहारों का आज भी बहुत महत्व है। बच्चें रंग, गुलाल, रंग-बिरंगे गुब्बारे, स्नो स्प्रे, मुखौटे, रंगीन पटाखें, रंगों के राकेट व आकर्षक पिचकारियां खरीद रहे है। दुकानों पर 20 से 70 रुपये तक के हर्बल गुलाल के पैकेट उपलब्ध है। स्नो स्प्रे की कीमत 50 रुपये से 150 रुपये तक हैं। कलरफुल पटाखें 150 रुपये के एक दर्जन मिल रहे है। रंग 30 से 120 रुपये का दस ग्राम मिल रहा है। बेलून के 50 पीस का पैकेट 70 रुपये में उपलब्ध है। इसके अलावा 50 रुपये से 150 रुपये तक मुखौटे बिक रहे है। बाजार में 50 रुपए से लेकर 3000 रुपये तक की पिचकारी मिल रही है।

## होलिका दहन दो को,चार मार्च को मनेगा रंगोत्सव



फाल्गुन पूर्णिमा प्रदोष व्यापिनी व निशीथकाल व्यापिनी 2 मार्च को होलिका दहन व अगले दिन रंगोत्सव या होली वसंतोत्सव का विधान है। सनातन धर्मावलंबी रंगोत्सव का पर्व ऐसे ही मनाते हैं,लेकिन इस बार होलिका दहन व रंगोत्सव के बीच चन्द्र ग्रहण-सूतक के चलते 2 मार्च को होलिका दहन और 4 मार्च को रंगोत्सव मनाया जाएगा। ज्योतिषाचार्य अजय शास्त्री ने बताया फाल्गुन पूर्णिमा 2 मार्च को सायंकाल 5:55 से अगले दिन सायंकाल 5:07 तक रहेगी। पूर्णिमा प्रारंभ के साथ ही भद्रा लग जाएगी, भद्रा में कोई कार्य नहीं होते हैं, ऐसे में धर्मसिंधु वचनानुसार- निशीथोत्तरं भद्रासमाप्तौ मुखं त्यक्त्वा भद्रायामेव होलिकादाहः यानि भद्रा के मुखकाल को छोड़कर पुच्छकाल में होलिका दहन करना चाहिए, लेकिन परंपरागत गोधूलवेला या प्रदोषकाल में होलिका दहन किया जा सकता है, अगर इस समय कोई भद्रा के कारण दहन उचित न समझे तो, अर्धरात्रि पश्चात अरुणोदय तक, 2 मार्च को होलिका दहन कर सकते हैं। 3 मार्च को प्रातः 6:20 बजे के बाद चंद्रग्रहण-सूतक लग जाएंगे, मंदिर आदि धर्म-स्थलों के पट बंद रहेंगे। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि चंद्रग्रहण स्पर्शः अपराह्न 3:20 से मोक्ष सायंकाल 6:47 पर होगा। ग्रस्तोदित चंद्र ग्रहण रेवाड़ी समयानुसार शाम 6:23 से 6:47 तक रहेगा, यह चंद्रोदय मान के अनुसार रहेगा। यह चंद्र ग्रहण पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र व सिंह राशि पर रहेगा।

### एससी डिपार्टमेंट कार्यालय में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष का हुआ स्वागत



रेवाड़ी। कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह का शुक्रवार को एससी डिपार्टमेंट कार्यालय पहुंचने पर जिलाअध्यक्ष रमेश ठेकेदार ने पगड़ी और फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष कार्यकर्ताओं से संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी मौजूदा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ लगातार आवाज उठा रही है और आगे भी जनता के हितों की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ी जाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर पार्टी की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाएं। इस मौके पर दलीप चेयरमैन, सुमेर चेयरमैन, महेंद्र, रविंद्र यादव, जितेंद्र यादव, ईश्वर सेका, एससी डिपार्टमेंट के जिला उपाध्यक्ष डा. मामराज, रामनिवास ठेकेदार, दीनदयाल, टीकाराम ठेकेदार, इंद्रजीत देवलावास, इंद्रजीत पदैयावास, सुदेश व सचिन मौजूद थे।

### नाहड़ में हिंदू सम्मेलन का आयोजन पंच परिवर्तन पर दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

बाबा गंगा पुरी महाराज हिंदू सम्मेलन सेवा समिति नाहड़ की ओर से शुक्रवार को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन के मुख्य वक्ता स्वामी सम्पर्णानंद महाराज ने सनातन संस्कृति के मूल भाव पर जोर दिया, जिसमें सभी के कल्याण और प्रकृति के संरक्षण की भावना निहित है। व्यक्तिगत जीवन से लेकर सामाजिक स्तर तक सकारात्मक परिवर्तनों को अपनाना आज समय की आवश्यकता है। सुंदर सिंह रसगण ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की यात्रा के संदर्भ में विचार रखते हुए समाज को संगठित रहने, संस्कारों को सुदृढ़ करने और नई पीढ़ी को सही दिशा देने का आह्वान किया। देवेंद्र राजियाकी ने पंच परिवर्तन के महत्व को विस्तार से समझाया। सम्मेलन में देवेंद्र शर्मा, बसंत लोहिया, राकेश प्रधान, हरि प्रकाश वशिष्ठ, प्रेम प्रकाश नाहड़, हरिओम, राजेश, सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### जिले में चलाया जाएगा एचपीवी अभियान



रेवाड़ी। डीसी अभिषेक मीणा ने ह्यूमन पैपिलोमा वायरस यानि एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान की तैयारियों के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीसी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 फरवरी को राजस्थान के अजमेर से 14 वर्ष की बालिकाओं के लिए देशव्यापी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीनेशन अभियान की शुरूआत करेंगे। डीसी ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर) जैसी रोकथाम योग्य बीमारी को जड़ से खत्म करना है। केंद्र सरकार की ओर से यह अभियान देशभर में व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा। डीसी ने कहा कि जिले में भी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए व्यापक स्तर पर अभियान चलाए। इस अवसर पर अनेक विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## चंद्रशेखर आजाद को बलिदान दिवस पर किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मीरपुर



इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी में विद्यार्थियों ने चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर पुष्प अर्पित श्रृद्धांजलि दी। इस मौके पर छात्र नेता रवि मसीत ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद ने देश की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने देश के युवाओं में देशभक्ति की भावना से जागने का काम किया। चंद्रशेखर आजाद ने अपना पूरा जीवन देश की आजादी के नाम किया वे युवाओं की प्रेरणा स्त्रोत है। जिला अध्यक्ष युगल यादव ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद अन्याय के खिलाफ थे। हमें भी ऐसे भारत का निर्माण करना है, जो नागरिकों को उनके अधिकारों का संरक्षण देता हो। इस मौके पर राहुल, योगेश, हरीश, प्रिंस, अभी, हर्ष, कपिल, राकेश, प्रीतम, मुस्कान, रामगोपाल, रितु, दीपक, साहिल, कोमल व रेनू सहित अनेक विद्यार्थी उपस्थित थे।

## पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन स्पर्धा में दिव्या बनी विजेता

■ विज्ञान संकाय की करीब 12 टीमों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-18 में शुक्रवार को रसायन विज्ञान समिति की ओर से पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विज्ञान संकाय की करीब 12 टीमों ने भाग लिया। प्राचार्या डा.ज्योति यादव के मार्गदर्शन में आयोजित प्रतियोगिता में छात्राओं ने विज्ञान विषय पर आकर्षक व प्रभावी पावर पॉइंट्स द्वारा अनेक वर्तमान मुद्दों पर विचार प्रस्तुत किए। विभाग अध्यक्ष सुनील तोबड़ियि ने बताया कि कार्यक्रम में वर्तमान युग में विज्ञान की उपयोगिता, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सस्टेनेबल डेवलपमेंट व रिन्यूएबल एनर्जी विषयों पर प्रेजेंटेशन दी गई। निर्णायक मंडल में डा. जयश्री व डा. योगेश शामिल थे। प्रतियोगिता में नॉन मेडिकल बीएससी थर्ड ईयर से दिव्या दहिया ने प्रथम, बीएससी फर्स्ट ईयर लाइफ सांइस ने दिशा ने द्वितीय और बीएससी फर्स्ट ईयर लाइफ सांइस से ही पारूल ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के संचालन में ज्योति, अनुपमा, वर्षा दीपिका व मनीषा ने योगदान दिया।

### खबर संक्षेप



#### कोरियन कंपनी ने गवर्नमेंट ब्वायज स्कूल को दिया सोलर सिस्टम का उपहार

रेवाड़ी। राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बावल स्थित कोरियन कंपनी की ओर से सीएसआर गतिविधि के तहत विद्यालय को 5 किलोवॉट का सोलर पावर सिस्टम भेंट किए गया। विद्यालय प्राचार्य विनोद कुमार यादव के नेतृत्व में स्टाफ ने कंपनी के प्रबंध निदेशक मिस्टर क्वांग हो हा, निदेशक नमुक हांग, विभागाध्यक्ष मिस्टर दीपक यादव और मानव संसाधन प्रबंधक मिस्टर संजय भारद्वाज का अभिनंदन किया। प्राचार्य ने कहा कि सोलर सिस्टम विद्यालय के लिए केवल एक तकनीकी सहायता नहीं, बल्कि छात्रों के भविष्य के लिए एक बड़ा उपहार है। इससे विद्यालय को निर्बाध बिजली मिलेगी और आधुनिक संसाधनों के उपयोग में सुगमता आएगी।



#### राजकीय कॉलेज बावल में वसंतोत्सव का आयोजन, विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

बावल। राजकीय महाविद्यालय बावल में शुक्रवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति की संयोजक डा. रेखा के निर्देशन में वसंत उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डा. नमिता मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। मंच संचालन डा. किरण शर्मा ने किया। विद्यार्थियों ने वंसत उत्सव में गीत, नृत्य और काव्य-पाठ सहित अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर प्राचार्या डा. नमिता ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन के लिए संयोजक एवं पूरी टीम को बधाई दी। इस अवसर पर डा. जोगिंद्र सिंह, डा. इंद्रजीत सिंह, आरव पंवार, सावित्री देवी, सुरेंद्र शास्त्री, रेखा यादव, उषा यादव व डा. नीतू सिंह सहित कॉलेज के सभी प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित थे।



#### सुरक्षा को लेकर पुलिस ने की पैदल गश्त युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान

रेवाड़ी। जिला पुलिस की ओर से शहर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने व आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के लिए पैदल गश्त की जा रही है। वीरवार रात्रि धारूहेड़ा थाना इंस्पेक्टर कश्मीर सिंह, सदर थाना इंस्पेक्टर राजेन्द्र कुमार, कासोला थाना इंस्पेक्टर सतीश कुमार, जगन गेट चौकी इंचार्ज एसआई संदीप कुमार व सेक्टर-3 चौकी इंचार्ज पीएसआई राकेश कुमार ने टीमों के साथ अपने-अपने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए पैदल गश्त की। उन्होंने स्थानीय निवासियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनी और क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की प्रतिबद्धता दोहराई।



#### बुनियाद लेवल-2 परीक्षा में सफल रहे विद्यार्थी हुए सम्मानित

कुंड। राजकीय माध्यमिक विद्यालय राजपुरा ईस्तमुरार के तीन विद्यार्थी मुस्कान यादव, दीक्षिता और नचिता ने बुनियाद लेवल-2 की परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। इस अवसर पर विद्यालय की मुखिया संतोष कुमारी ने कहा कि यह विद्यालय की टीम व विज्ञान अध्यापिका रेखा यादव के प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में अधिक से अधिक नामांकन होगा तो अधिक से अधिक बच्चे बुनियाद में कामयाब होंगे। इसके बाद बुनियाद मिशन का तीसरा लेवल भी होगा, जब बच्चा अगली कक्षा में जाएगा। माता-पिता को चाहिए की आठवीं कक्षा के बाद बच्चों को बुनियाद लेवल-3 की तैयारी जरूर कराएं। उन्होंने विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट व स्टेशनरी देखकर सम्मानित किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 × 8 सें.मी<br>10 × 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

**सुविधा** | एमएस व अन्य पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू

# माजरा एम्स में जल्द ओपीडी शुरू होने के संकेत

■ अन्य पदों पर नियुक्तियों के वित्त मंत्रालय की स्वीकृति का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। माजरा में निर्माणाधीन एम्स का भवन। फोटो : हरिभूमि

माजरा में निर्माणाधीन एम्स में ओपीडी जल्द शुरू किए जाने की दिशा में कदम आगे बढ़ गए हैं। पहली बार एम्स में चिकित्सा अधीक्षक, प्रशासनिक व तकनीकी अधिकारियों की नियुक्यों के लिए आवेदन मांगे गए हैं। यह पद फिलहाल डेपुटेशन के आधार पर भरे जाने हैं। अन्य पदों पर नियुक्तियों के लिए स्वीकृति की फाइल अभी वित्त मंत्रालय में अटकी हुई है।

दिल्ली एम्स की ओर से माजरा एम्स में चिकित्सा अधीक्षक, अधीक्षण अभियंता, कार्यकारी अभियंता सिविल, कार्यकारी अभियंता बिजली, वरिष्ठ लेखाधिकारी व प्रशासनिक अधिकारी के एक-एक पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन पदों पर तदर्थ आधार पर नियुक्तियां की जानी हैं। माजरा एम्स के निदेशक डीएन शर्मा की ओर से केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को लगभग 1700 पदों पर नियुक्तियों के लिए प्रस्ताव भेजा था, जिसे अभी वित्त मंत्रालय की ओर से स्वीकृति मिलना बाकी है। यह स्वीकृति मिलने के बाद एम्स संचालक की दिशा में कदम आगे बढ़ जाएंगे। अभी ओपीडी शुरू करने के लिए डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की आवश्यकता है। इन पदों को भरने के लिए वित्त खर्च विभाग की ओर से मंजूरी दी जानी है।

#### राव इंद्रजीत ने की थी नड्डा से बातचीत


केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की ओर से जारी एक बयान के अनुसार उन्होंने बीते सप्ताह ही केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से इस बारे में बातचीत की थी। उन्होंने जल्द ही एम्स की भर्ती प्रक्रिया की फाइल को वित्त मंत्रालय से स्वीकृति दिलाने का आश्वासन दिया था। उन्होंने बताया कि जल्द ही एम्स में तकनीकी और गैर तकनीकी पदों पर भर्तियां शुरू हो जाएंगी। इसके बाद ओपीडी शुरू होने में ज्यादा समय नहीं लगेगा।

#### एमबीबीएस की कक्षाएं भी जल्द



राव इंद्रजीत सिंह ने बताया कि एम्स की ओपीडी शुरू होने के बाद एमबीबीएस की कक्षाएं भी जल्द शुरू कराने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। वह लगातार केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों के संपर्क में हैं। वित्त विभाग से रिक्त पदों को भरने की अनुमति मिलते ही माजरा एम्स में स्टाफ की पूर्ति करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। सरकार का प्रयास है कि जल्द से जल्द से ओपीडी और एमबीबीएस की कक्षाएं शुरू कराई जाएं।

### नशामुक्त टीम ने ग्रामीणों को नशे से बचाव के उपाय बताए



रेवाड़ी। जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम ने शुक्रवार को निरीक्षक रामपाल के नेतृत्व में गांव भुरथला का दौरा कर ग्रामीणों से गांवों को नशा मुक्त करने तथा युवाओं को नशे से दूर रखने का आह्वान किया। इस मौके पर एएसआई जितेंद्र कुमार ने कहा कि पुलिस और आमजन अगर आपस में तालमेल के साथ कार्य करें तो नशे जैसी बुराई पर नियंत्रण पाया जा सकता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा। उन्होंने कहा कि नशा एक अभिशाप है इसका मिलकर बहिष्कार करें। पुलिस टीम ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि अगर किसी प्रकार की नशे संबंधी सूचना है कोई व्यक्ति नशे का प्रयोग करता है या नशे की सप्लाई इत्यादि करता है तो इस बारे पुलिस को मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 या 112 नंबर पर सूचित करे।